Regarding need to reschedule the timings of Maharashtra Express-laid

श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल **(**जलगाँव**):** मेरे लोक सभा क्षेत्र जलगांव में पिछले कई वर्षों से यात्री 11039-महाराष्ट्र एक्सप्रेस से प्रतिदिन यात्रा करते है । इन दोनों ट्रेन को कोरोना के समय बंद कर दिया गया था और जब यह पुनः शुरू हुई तो इनके समय में भी परिवर्तन किया गया और महाराष्ट्र एक्सप्रेस जो पहले चालीसगांव सुबह 7 बजे पहुँचती थी वो अब सुबह 6 बजे पहुँचती है, पाचोरा पहुंचने का समय सुबह 7:40 की जगह 6:30 कर दिया गया है और जलगांव पहुँचने का समय सुबह 8:25 की जगह सुबह 7:10 कर दिया गया है । यह ट्रेन पिछले 20 से अधिक वर्षों से एक निर्धारित समय पर चलती थी, जिसको बदलने के कारण मेरे लोक सभा से यात्रा करने वाले वरिष्ठ नागरिक, छात्र, कर्मचारी, उद्योगपति और महिलाओं को बहुत असुविधा हो रही है क्योंकि वर्तमान में ट्रेन का निर्धारित समय उनके कार्यालय या पढ़ाई उद्योग के दृष्टिकोण से अनुकूल नहीं है ।मेरा सरकार से निवेदन है कि 11039 गोंदिया कोल्हापुर (महाराष्ट्र) एक्सप्रेस गाड़ी का समय पहले की तरह चालिसगाव पर सुबह 7 बजे, पाचोरा में 7.40 और जलगांव में सुबह 8.25 किया जाए जिससे मेरे लोक सभा क्षेत्र के लोगों को प्रतिदिन यात्रा करने में सुविधा मिले और समय बदलने से हो रही दिक्कत का निवारण किया जाए ।

____

- -

-

<u>12.13 hrs</u>